# इंदौर में झोपड़ी से निकाल कर गरीबों का बसा दिया फ्लैटों में, लेकिन पानी के इंतजाम नहीं




**पीपुल्स प्रवक्ता, इंदौर।**

परिवारों को पानी दूर से लाना पड़ रहा है। रहवासियों का कहना है कि नगर निगम अफसरों को पानी के टैंकरों के लिए कई बार फोन लगाना पड़ते है। टैंकर आते भी है तो पहले पानी भरने के चक्कर में परिवार आपस में लड़ने लगते है। लोगों ने पानी के लिए कोठियां ले रही है। इंदौर में नगर निगम ने कई गरीब परिवारों को सस्ते दामों पर फ्लैट दिए। सड़क के लिए उनके घर उजाड़े तो भी उन्हें बदले में शहर के अलग-अलग स्थानों पर फ्लैट दिए, लेकिन वहां मूलभूत सुविधाएं नहीं दी। इंदौर की अहिरखेड़ी में बसाए गए परिवार जलसंकट झेल रहे है। यहां तीन सौ से ज्यादा परिवारों के लिए फ्लैट बनाए गए है, लेकिन पानी के लिए मल्टियों में टंकियां नहीं रखी।

जो बोरिंग कराए है। उनमें भी पानी काफी कम आ रहा है। इस कारण यहां रहने वाले परिवारों को पानी दूर से लाना पड़ रहा है। रहवासियों का कहना है कि नगर निगम अफसरों को पानी के टैंकरों के लिए कई बार फोन लगाना पड़ते है। टैंकर आते भी है तो पहले पानी भरने के चक्कर में परिवार आपस में लड़ने लगते है। लोगों ने पानी के लिए कोठियां ले रही है। एमजीएम कॉलेज के अंतर्गत आने वाले एमटीएच अस्पताल में भी पानी की किल्लत से मरीज परेशान हो रहे है। यहां रोज पानी की आपूर्ति नगर निगम के टैंकरों के भरोसे हो रही है। गर्मी में यहां के बोरिंग साथ छोड़ देते है। पिछले साल तो जलसंकट के कारण यहां सर्जरी प्रभावित होने लगी थी। डॉक्टरों को हाथ धोने के लिए पानी नहीं रहता था। सर्जरी के बाद वे स्पीरिट से हाथ धोते थे। डाक्टरों का कहना है कि यहां रोज सैकड़ों मरीज इलाज के लिए आते है। नगर निगम को यहां नर्मदा का बड़ा कनेक्शन देना चाहिए, ताकि मरीजों को भी परेशान न होना पड़ा। शौचालयों में पानी नहीं होने के कारण मरीज व उनके परिवारों को परेशान होना पड़ता है।

# ढाबे के पास खड़े कंटेनर में लगी आग, कड़ी मशक्कत के बाद पाया गया काबू

**पीपुल्स प्रवक्ता, सिवनी।** लखनादौन थाना प्रभारी केपी धुर्वे ने बताया, यह क्षेत्र काफी व्यस्त मार्ग पर स्थित है। अगर, आग पर समय पर काबू न पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। सिवनी जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक ढाबे के पास खड़े कंटेनर में अचानक आग लग गई। यह घटना मड़ई टोला प्लाजा और गणेशगंज के बीच स्थित एक ढाबे के पास घटी। जानकारी के अनुसार, नागपुर से जबलपुर की ओर जा रहा कंटेनर (नंबर हरु01, 9566) सड़क किनारे एक ढाबे पर रुका था। कंटेनर में कुल चार ओमनी कारें लदी हुई थीं। ड्राइवर ढाबे पर खाना खाने के लिए रुका था, इस दौरान कंटेनर से धुआं उठता दिखा और कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही लखनादौन थाना प्रभारी केपी धुर्वे के नेतृत्व में पुलिस टीम और दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। इसके बाद दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक कंटेनर में लदी चारों ओमनी कारें पूरी तरह जल गई। लखनादौन थाना प्रभारी केपी धुर्वे ने बताया, यह क्षेत्र काफी व्यस्त मार्ग पर स्थित है। अगर, आग पर समय पर काबू न पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### नपा सीएमओ के चेहरे पर स्याही लगाने का मामला

# दो कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त, एक निलंबित

**पीपुल्स प्रवक्ता, दमोह**

दमोह में नगर पालिका सीएमओ पर स्याही फेंकने के मामले में दो आरोपियों पर केस दर्ज हुआ है। झूठी अफवाह फैलाने और समर्थन करने पर दो स्थायी कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त, एक निलंबित और दो को नोटिस जारी किया गया। घटना की जांच एडीएम द्वारा कराई गई थी।

दमोह नगर पालिका सीएमओ के चेहरे पर स्याही लगाने के मामले में जहां दो लोगों पर मामला दर्ज हो गया है। वहीं आरोपियों का साथ देने, झूठी अफवाह फैलाने एवं धमकी भरा वीडियो वायरल करने के मामले में नगर पालिका द्वारा दो स्थायी कर्मचारियों की सेवाएं तत्काल समाप्त कर दी गई हैं। एक कर्मचारी को निलंबित किया गया है। इसके अलावा दो अन्य कर्मचारियों को सेवा समाप्ति का नोटिस जारी किया गया है। नगर पालिका सीएमओ द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कर्मचारियों द्वारा घंटाघर पर झंडे उतारने को लेकर झूठी अफवाह फैलाई गई थी। जिससे शहर की शांति व्यवस्था भंग होने के साथ धार्मिक भावनाएं भड़काकर विवाद की स्थिति निर्मित कर लोगों को एकत्रित किया गया था। दो आरोपियों द्वारा सीएमओ के घर जाकर हमला कर मुंह पर स्याही डाली गई। इससे नगर पालिका की छवि धूमिल हुई। इस कृत्य के चलते कर्मचारियों की जांच कलेक्टर द्वारा गठित समिति द्वारा की गई थी। जांच रिपोर्ट के बाद आरोपियों पर कार्रवाई की गई है।

जारी आदेश के अनुसार स्थायी कर्मचारी लक्ष्मण कसोटिया व जावेद गौरी की सेवाएं तत्काल समाप्त की गई हैं। वहीं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राजा दुबे को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। वहीं दैनिक वेतन भोगी स्थायी कर्मचारी मनोज तिवारी एवं प्रवीण शिवहरे को सेवाएं समाप्ति करने का नोटिस जारी किया गया। जिसमें तीन दिन में जबाव मांगा गया है। बता दें सीएमओ प्रदीप शर्मा को स्याही लगाने और धार्मिक ध्वज निकालने पर हुए विवाद की जांच एडीएम द्वारा की गई थी, जिसमें संबंधित अधिकारियों के बयान दर्ज करने के बाद 10 अप्रैल को रिपोर्ट कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को सौंपी गई थी।

### सोनिया-राहुल के समन पर भड़के कांग्रेसी

# सागर में प्रधानमंत्री का जलता पुतला लेकर पहुंचा कार्यकर्ता



**पीपुल्स प्रवक्ता, सागर।**

सागर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाने पहुंचे कांग्रेसियों पर वाटर कैनन चलाई। कांग्रेसियों ने पहला पुतला जलाया तो उसे पुलिस ने छीना, इसके बाद दूसरा जलता पुतला लेकर कार्यकर्ता पहुंचे। पुलिस ने वाटर कैनन चलाकर पुतले को बुझाया और कांग्रेसियों को खदेड़ा। नेशनल हेराल्ड मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ दिल्ली के कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। विरोध में बुधवार को कांग्रेस ने सागर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सिविल लाइन स्थित आयकर कार्यालय के पास एकत्रित हुए। केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी।

## पुतला लेकर दौड़ा कार्यकर्ता

पहले कांग्रेसी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला लेकर प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने उसे छीन लिया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हुई। तभी कुछ कांग्रेसी दूसरा जलता हुआ पुतला दौड़ते हुए प्रदर्शन स्थल पर लेकर पहुंचे। पुलिस उसके पीछे भागी। इसके बाद वाटर कैनन का उपयोग कर पुतले की आग बुझाई और कार्यकर्ताओं को खदेड़ा।शहर अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने कहा कि केंद्र सरकार सरकारी संस्थानों का उपयोग कांग्रेस के नेताओं को दबाने के लिए कर रही है। हमारी नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को ईडी से समन जारी किए गए हैं। आज यह इन लोगों को नहीं छोड़ रहे हैं तो आम आदमी का क्या होगा। इसलिए विरोध में प्रधानमंत्री का पुतला जलाया है। विरोध की सूचना पर दबाव बनाया जाता है। इसलिए दो पुतला की व्यवस्था की गई थी। ताकि हम अपना विरोध दर्ज करा सकें।

### आग से खेतों में खड़ी फसलें जली, पंचनामा बनाकर प्रशासन ने की कार्रवाई

# नरवाई जलाने वाले 5 किसानों पर एफआईआर



**पीपुल्स प्रवक्ता, सागर।**

सागर जिले में गेहूं की कटाई होने के बाद कुछ किसान खेत में खड़ी नरवाई जलाने का काम कर रहे हैं। जिस कारण नरवाई की आग से आसपास के खेतों में खड़ी और कटी रखी फसलें आग की चपेट में आ रही है। आगजनी में किसानों की फसल जलकर नष्ट हुई हैं। लगातार हो रही घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन एक्शन में आया है। कलेक्टर ने नरवाई जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिले में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया है। जिसके बाद जिले में प्रशासन की टीम नरवाई जलाने वालों का चिंहित कर मौके का निरीक्षण कर कार्रवाई कर रही है। पिछले 5 दिनों में करीब 5 एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसके साथ ही जिले की सभी ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए गए हैं कि नरवाई जलाने वालों को तत्काल चिंहित किया जाए। ताकि उन पर कार्रवाई हो सके।

## नरवाई की आग से 5 एकड़ की फसल जली

मोतीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पथरिया हाट में खेत में खड़ी नरवाई में आग लगाई गई। हवा से आग फैली और फसल को चपेट में ले लिया था। किसान घनश्याम अहिरवार के अनुसार, गांव के ही बहादुर चौहान ने अपने खेत में फसल कटने के बाद आग लगाई थी जो फैलकर उनके और राजू साहू के खेतों तक पहुंच गई। आगजनी में घनश्याम अहिरवार की करीब 2 एकड़ की खड़ी और कटी हुई गेहूं की फसल जल गई। राजू साहू की 3 एकड़ की फसल जलकर नष्ट हो गई।

मामले की शिकायत पर नुकसानी का पंचनामा बनाया गया। साथ ही आग लगाने वाले किसान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसी प्रकार केसली के ग्राम पुतर्रा में नरवाई जलाने से आग फैली और पड़ोसी किसान की खड़ी फसल जलकर नष्ट हो गई। घटना के संबंध में कोटवार श्यामरानी चढ़ार ने केसली थाना में तहसील कार्यालय से प्राप्त लिखित आवेदन पेश किया। जिसके आधार पर प्रकरण दर्ज किया गया है।

## बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी खेत में आग

बांदरी क्षेत्र के ग्राम मोठी में मंगलवार दोपहर खेत में अचानक आग लग गई। आगजनी में करीब दो लाख रुपए कीमत की कृषि संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। यह आग बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण लगना बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, ग्राम मोठी निवासी संग्राम सिंह राजपूत ने बताया कि उनके पिता चैनसिंह राजपूत के नाम से बगीचा वाला खेत है। जहां दोपहर करीब 1.30 बजे अचानक आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही संग्राम सिंह, पिता चैनसिंह, हरिराम पटेल, रामकृष्ण पटेल और आकाश चौधरी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों और फायर फाइटर की मदद से आग बुझाई। आगजनी में खेत में लगे दस बांस के ढेर, 50 डिसमिल में खड़ी गन्ना फसल, 6 आम के पेड़, 6 कटहल के पेड़, 2 नींबू और 2 अमरूद के पेड़ समेत 12 प्लास्टिक के पाइप जलकर नष्ट हो गए।

## नरवाई की आग से 20 किसानों की फसल जली

रहली थाना क्षेत्र के ग्राम जूना के कोटवार प्रीतम पिता रामप्रसाद चढ़ार ने थाने में आवेदन दिया। आवेदन में बताया कि आरोपी रामअवतार ने अपने खेत में नरवाई जलाने के लिए आग लगाई थी। आग फैलने से ग्राम जूना और ग्राम मंडला के किसानों की गेहूं की फसल जलकर नष्ट हुई थी। मामले में शिकायत पर पुलिस ने नरवाई जलाने वाले किसान रामअवतार पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। सानौधा थाना के ग्राम पडरिया में गेहूं की फसल हार्वेस्टर से कटने के बाद खेतों में बची नरवाई में आग लगाई गई। आग फैलने से कई किसानों की संपत्ति को नुकसान हुआ। आग में मीना उर्फ राजेश्वरी, विनोद कुमारी, गजेन्द्र सिंह, राजू रजक, हरिराम, पुष्पेन्द्र सिंह समेत करीब 20 से अधिक किसानों की फसल और पेड़ जलकर नष्ट हो गए थे। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई



**पीपुल्स प्रवक्ता, रायसेन।**

रायसेन जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई है। पुलिस महानिदेशक के आदेश पर 1 से 15 अप्रैल तक चले विशेष अभियान में 1721 वाहनों पर 8 लाख 21 हजार 200 रुपये का जुर्माना लगाया गया। पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। जिले के सभी थानों में 9 प्रकार के यातायात नियम उल्लंघन पर कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में रायसेन जिला प्रदेश के 52 जिलों में से टॉप-10 में शामिल हुआ है। यातायात प्रभारी लता मालवीय और उनकी टीम ने अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई। सबसे ज्यादा कार्रवाई बिना हेलमेट चलने वालों पर की गई। ऐसे 979 चालकों के खिलाफ चालान काटे गए। अभियान के दौरान बिना बीमा, पुराने वाहन, बिना पंजीयन नवीनीकरण, मानक विहीन ई-रिक्शा, बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट, ओवर स्पीड, शराब पीकर वाहन चलाने और बिना पीयूसी के वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की गई। एसपी पाण्डेय ने कि यातायात थाने सहित पूरे जिले भर के थाने में चालानी कार्रवाई की गई थी इसमें 9 हेड पर करवाई की गई।

# नेशनल हाईवे पर पड़े डामर और गिट्टी के ढेर ने ली जान, बाइक सवार युवक की मौत, 2 घायल



**पीपुल्स प्रवक्ता, सागर।**

सागर जिले में नेशनल हाईवे 44 पर मंगलवार को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक युवक की मौत हो गई, वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना मालथोन थाना क्षेत्र के डबडेरा फाटक के पास हुई, जहां तेज रफ्तार से आ रही एक बाइक सड़क पर पड़े डामर और गिट्टी के ढेर से टकरा गई। इस हादसे की वजह नेशनल हाईवे की मरम्मत कार्य कर रही कंपनी ढ्रक्क इंफ्रा की कथित लापरवाही बताई जा रही है, जिसने मरम्मत के बाद निकले गिट्टी डामर के ढेर को सड़क पर ही छोड़ दिया था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज गति से आ रही बाइक अनियंत्रित होकर गिट्टी डामर के ढेर पर चढ़ गई, जिससे बाइक सवार 10 फीट ऊपर हवा में उछलते हुए नीचे गिर पड़े। नीचे गिरने पर टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह से टुकड़े-टुकड़े हो गई। इस हादसे में बाइक पर सवार रोंडा निवासी तीन युवक विजय अहिरवार, सौरभ अहिरवार और लकी पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनमें से लकी पटेल की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय राहगीरों ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। डॉक्टरों के अनुसार दोनों युवकों को गंभीर चोटें आई हैं और उनका इलाज जारी है। जबकि एक की मौत हो गई है। बरोदिया कलां निवासी राकेश भौंडेले ने बताया कि आईआरबी कंपनी द्वारा मरम्मत कार्य के बाद निकले डामर और गिट्टी के ढेर को लापरवाहीपूर्वक सड़क पर छोड़ दिया गया, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। लोगों में कंपनी के प्रति भारी आक्रोश है और उन्होंने प्रशासन से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# 86वें राइजिंग डे परेड में शामिल होंगे अमित शाह

**पीपुल्स प्रवक्ता, नीमच।**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह नीमच के दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को पहुंचे। वे गुरुवार को सीआरपीएफ की 86वीं राइजिंग डे परेड में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे। सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। सीएम शाम को मंदसौर महा सोमयज्ञ में भी भाग लेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर बुधवार शाम को नीमच पहुंचेंगे।

शाह नीमच में रात्रि विश्राम कर गुरुवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 86वीं राइजिंग डे परेड के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बुधवार शाम को उदयपुर से बीएसएफ हेलीकॉप्टर से नीमच सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर पहुंचेंगे। वे नीमच में रात्रि विश्राम करेंगे। गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार सुबह 8 बजे सीआरपीएफ के परेड ग्राउंड में आयोजित 86वीं राइजिंग डे परेड में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उपस्थित रहेंगे। परेड के बाद दोपहर 1 बजे गृह मंत्री दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। सीआरपीएफ की जन्मस्थली नीमच में आयोजित होने वाला यह 86वां केंद्रीय सीआरपीएफ दिवस समारोह 2025 का विशेष आयोजन है। नीमच पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के अनुसार, कार्यक्रम की सुरक्षा के लिए 700 पुलिस कर्मियों की विशेष टुकड़ी तैनात की जाएगी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौके पर रहकर पूरे कार्यक्रम की निगरानी करेंगे।



## मुख्यमंत्री नीमच में गृहमंत्री की अगवानी कर मंदसौर आएंगे

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव बुधवार को मंडला से हेलीकॉप्टर से नीमच पहुंचकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अगवानी करेंगे। उसके बाद मुख्यमंत्री डॉ यादव कार से शाम 6 बजे मंदसौर पहुंचेंगे। वे यहां कालाखेत मैदान में आयोजित महा सोमयज्ञ में शामिल होंगे जिसके बाद पुनः नीमच के लिए प्रस्थान करेंगे। मंदसौर में आयोजित महा सोमयज्ञ में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर क्षेत्रीय सांसद सुधीर गुप्ता कलेक्टर अदिती गर्ग ने कालाखेत स्थित सोमयज्ञ स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सभी जिलाधिकारी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवश्यक तैयारियों के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश प्रदान किए।

# मथुरा में वंदे भारत ट्रेन के स्टॉपेज की मांग

**छतरपुर।** छतरपुर में बुधवार को हनुमान टोरिया ट्रस्ट के पदाधिकारियों और समाजसेवियों ने दिल्ली-खजुराहो वंदे भारत ट्रेन को मथुरा में रोकने की मांग को लेकर कलेक्टर कार्यालय में एडीएम मिलिंद नागदेवे को रेल मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। वर्तमान में दिल्ली-खजुराहो वंदे भारत ट्रेन सप्ताह में 6 दिन चलती है। लेकिन मथुरा जंक्शन पर इसका कोई स्टॉपेज नहीं है। इससे बुंदेलखंड के श्रद्धालुओं को मथुरा-वृंदावन के दर्शन में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। हनुमान टोरिया ट्रस्ट के रामस्वरूप बरसिया ने बताया कि खजुराहो से मथुरा जाने के लिए वंदे भारत ट्रेन का उपयोग करने पर भी स्टॉपेज न होने से अधिक समय लगता है। संजय कुमार शर्मा ने कहा कि टीकमगढ़ और छतरपुर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मथुरा जाते हैं। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि मथुरा में वंदे भारत का स्टॉपेज होने से क्षेत्र के श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी। इससे यात्रा समय कम होगा और अधिक से अधिक लोग मथुरा-वृंदावन के दर्शन कर सकेंगे।

# 25 लाख पौधों के लिए जमीन की तलाश शुरू, बारिश से पहले बड़ी चुनौती

### हर साल 5 लाख पौधारोपण की परंपरा, इस बार चुनौती बड़ी



**पीपुल्स प्रवक्ता, इंदौर।**

इंदौर वन विभाग को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 25 लाख पौधे लगाने का निर्देश मिला है। मंत्री तुलसी सिलावट के आदेश के बाद महू, मानपुर, चोरल और इंदौर रेंज में जमीन तलाशने का कार्य जारी है। वन विभाग पिछले कई दिनों से लगभग 25 लाख पौधे लगाने के लिए उपयुक्त जमीन की तलाश कर रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, जल संसाधन मंत्री द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत इंदौर वन विभाग को 25 लाख पेड़-पौधे लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान के तहत बड़े स्तर पर पौधारोपण की योजना बनाई गई है, जिसके लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान की जा रही है। मंत्री तुलसी सिलावट के निर्देश के बाद वन विभाग ने महू, मानपुर, चोरल सहित इंदौर फॉरेस्ट रेंज में पौधे लगाने के लिए स्थानों को चिह्नित करना शुरू कर दिया है। डीएफओ प्रदीप मिश्रा के अनुसार, कई स्थानों की पहचान कर ली गई है, जहां पर बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा। हालांकि वन विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि 25 लाख नए पौधे लगाने के लिए जमीन तलाशना आसान नहीं है, क्योंकि पिछले वर्ष ही मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के आदेश पर 51 लाख पौधारोपण अभियान चलाया गया था, जिसमें विभाग ने लगभग 25 लाख पौधे पहले ही लगा दिए थे।

इसके अलावा, वन विभाग हर साल वर्षा ऋतु से पहले लगभग 5 लाख पौधे स्वयं भी लगाता है। इस वर्ष भी बारिश से पहले गड्ढे खोदने की तैयारियाँ जोरों पर हैं। ऐसे में इस बार पौधों की संख्या और जिम्मेदारी दोनों ही अधिक हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अब पूरा वन अमला इंदौर की चारों फॉरेस्ट रेंजों में पौधारोपण के लिए जगह तलाशने में व्यस्त है। यह अभियान विभाग के लिए एक बड़ी प्रशासनिक और ज़मीनी चुनौती बन चुका है। पिछले वर्ष के अभियान के बाद इस साल भी इंदौर वन विभाग के सामने करीब 30 लाख पेड़-पौधे लगाने और उनका संरक्षण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है।

अब देखने वाली बात यह होगी कि विभाग कितने समय में 25 लाख पौधों के लिए ज़मीन का बंदोबस्त कर पाता है। उल्लेखनीय है कि शहर में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें सरकारी एजेंसियों के साथ-साथ आम नागरिकों की भागीदारी भी होती है। जल गंगा संवर्धन अभियान भी इसी कड़ी में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिसके तहत लाखों पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है।

# विदिशा से भोपाल जा रहे युवक की हादसे में मौत

**रायसेन।** भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर दीवानगंज के पास एक सड़क हादसा हुआ। मंगलवार की देर रात को एक आयशर ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में विदिशा जिले के रसूलपुर गांव का रहने वाला रईस खान (20) गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल रईस को तुरंत सांची अस्पताल ले जाया जा रहा था। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। रईस विदिशा से भोपाल की ओर जा रहा था जब यह हादसा हुआ। दीवानगंज पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को जब्त कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बुधवार सुबह सांची अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

